## मुख्यमंत्री ने उद्यमियों से किया सीधा संवाद, उद्योग बंधु को और प्रभावी बनाने का निर्देश

# यूपी में निवेश से राष्ट्र का हित: योगी

संवाद

लखनऊ, विशेष संवाददाता। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शनिवार को राज्य स्तरीय उद्योग संगठनों व प्रमुख उद्यमियों के साथ विशेष बैठक में कहा कि उत्तर प्रदेश में किया गया निवेश केवल एक राज्य में निवेश नहीं, बल्कि राष्ट्रहित में किया गया निवेश है। यूपी जिस आर्थिक मजबूती और स्थिरता की ओर बढ़ रहा है, उसमें उद्योग जगत की भूमिका सबसे महत्वपूर्ण है।

मुख्यमंत्री ने भरोसा दिलाया कि यूपी में निवेश करने वाला हर उद्यमी सरकार को अपने साथ खड़ा पाएगा और नीति, इंफ्रास्ट्रक्चर तथा प्रशासन, तीनों स्तरों पर उसे पूरा सहयोग मिलेगा। उन्होंने उद्योग समूहों को कारपोरेट सोशल रिस्पांसिबिलिटी के माध्यम से प्रदेश के विकास और सामाजिक बदलाव का सहभागी बनने के लिए प्रेरित किया।

**औद्योगिक भूमि की लागत कम करने पर रहेगा जोर :** मुख्यमंत्री ने बैठक में औद्योगिक भूमि की लागत कम करने पर भी खास जोर दिया। मुख्यमंत्री ने कहा कि जिला स्तर पर उद्योग बंधु बैठकों में डीएम व एसपी की उपस्थिति अनिवार्य रूप से सुनिश्चित की जाए। राज्य स्तरीय बैठक केवल लखनऊ तक सीमित न रहे, बल्कि अन्य मंडल मुख्यालयों पर भी मंडलायुक्त और एडीजी/आईजी की उपस्थिति में प्रत्येक दो माह में उद्योग बंधु की बैठक आयोजित किए जाने का निर्देश दिया।

**आवासीय पार्किंग के लिए न लें अनावश्यक कर :** मुख्यमंत्री ने प्रमुख सचिव आवास को निर्देश दिया कि आवासीय पार्किंग के लिए उपयोग हो रही भूमि पर अनावश्यक कर न लेने के लिए आवश्यक व्यवस्था लागू की जाए, जिससे नागरिकों और उद्योग से जुड़े लोगों पर अतिरिक्त भार न पड़े।



सीएम योगी आदित्यनाथ से शनिवार को बॉलीवुड कलाकार गोविंदा ने भेंट की।

### मुख्यमंत्री से मिले गोदान फिल्म के निर्माता

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से शनिवार को फिल्म गोदान के निर्माता-निर्देशक विनोद चौधरी ने मुलाकात की। इस अवसर पर फिल्म का ट्रेलर लांच किया गया। फिल्म छह फरवरी को रिलीज होगी। मुख्यमंत्री से मुलाकात के दौरान फिल्म निर्माता ने कहा कि आज देश में गो-रक्षा के क्षेत्र में जो काम दिख रहा है, उसका सबसे बड़ा केंद्र उत्तर प्रदेश है। उन्होंने मुख्यमंत्री से फिल्म को टैक्स-फ्री किए जाने की मांग भी की।

**04** सौ करोड़ का प्रावधान औद्योगिक क्षेत्र की सड़कों के लिए किया गया

### औद्योगिक भूमि फ्रीहोल्ड किए जाने की मांग

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी ने उद्यमियों के साथ बैठक में बजट 2026-27 के लिए और ईज आफ डूइंग बिजनेस को और प्रभावी बनाने के लिए उनके व्यावहारिक सुझाव भी मांगे। इस मौके पर फिक्की के चेयरमैन मनोज गुप्ता ने औद्योगिक भूमि को फ्रीहोल्ड किए जाने की मांग की। सीआईआई के वाइस चेयरमैन अभिषेक सराफ ने डिफेंस कारिडोर के लखनऊ नोड में औद्योगिक गतिविधियों को गति देने के लिए भूमि आवंटन की आवश्यकता जताई। एसोचैम के को-चेयरमैन ने हसन याकूब वन कंपनी-वन रजिस्टर-वन लेटर जैसी व्यवस्था लागू करने का सुझाव दिया। दलित इंडियन चैंबर आफ कामर्स एंड इंडस्ट्री के स्टेट प्रेसिडेंट मनीष वर्मा मौजूद रहे।